हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 8 मार्च 2025

पीड़ित छात्रा को न्याय दिलवाने को लेकर जन न्याय मोर्चा… 10



बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में छात्रा …. 10






## खबर संक्षेप

### आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला न्यायिक परिसर में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया कि मोटर व्हीकल, चेक बाउंस , बैंक रिकवरी, बिजली संबंधित, पानी से संबंधित, टेलीफोन से संबंधित, वैवाहिक संबंधित, दीवानी केस, क्रिमिनल अपील, ट्रैफिक चालान, एमवी एक्ट केसेस आदि सभी प्रकार के केसों को अदालत में रखा जाएगा।

### ढाबढाणी में रक्तदान शिविर व भंडारा 12 को

**भिवानी।** भिवानी के नजदीकी गांव ढाबढाणी के बाबा बालकदास महाराज मंदिर में 12 मार्च बुधवार को 7वा भंडारा व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम को बूढ़ों की दौड़ व बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्यों ने दी।

### स्वर्णकार सेवा परिषद का होली मिलन 14 को

**भिवानी।** स्वर्णकार सेवा परिषद द्वारा 14 मार्च को सुबह 11 बजे पतराम गेट स्थित अजमीढ़ भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। परिषद के प्रधान हरिचरण वर्मा व महासचिव अधिवक्ता कुलदीप सोनी ने बताया कि होली मिलन समारोह जैसे आयोजन आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं, वहीं ऐसे कार्यक्रमों में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एकजुट होते है, जो आपसी भाईचारे व एकता के संदेश को मजबूती प्रदान करते है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**भिवानी।** बीती रात पुलिस ने अवैध हथियार सहित युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास तीन पिस्टल बरामद हुई हैं। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि झज्जर एसटीएफ यूनिट के एएसआई नरेन्द्र अपनी टीम के साथ मोस्टवांटेड अपराधी की तलाश के लिए मोरवाला बस स्टैंड पर मौजूद थे। उसी समय टीम को सूचना मिली कि युवक अवैध हथियार सहित गांव मोरवाला के समीप बिगोवा मोड़ पर अपनी गाड़ी में किसी साथी का इंतजार कर रहा है। दबिश देकर पुलिस टीम ने गाड़ी को घेर लिया और अंदर बैठे युवक को काबू कर लिया, जिसकी गाड़ी से तीन पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान रोहतक जिले के गांव भाली आनंदपुर निवासी मनीष के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस ने रिमांड पर लिया है।

### दो-दो राउंड में 7 टेबलों पर होगी मतगणना

**लोहारू।** लोहारू नपा के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि नगर पालिका के अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षदों के चुनाव की मतगणना 12 मार्च को जाएगी। मतगणना का कार्य रानी झांसी लक्ष्मी बाई राजकीय बहुतकनीक संस्थान के हाल में की जाएगी। एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि वार्ड पार्षद तथा चेयरमैन की दो-दो राउंड की मतगणना होगी। लोहारू के नगर पालिका के वार्ड पार्षद के लिए मतों की गणना दौरान में सात टेबल लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम वार्ड पार्षद की मतगणना की जाएगी।

## निर्माण सामग्री में कोताही बरती तो नपेंगे ठेकेदार : भवानी प्रताप

# नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने पार्षदों को साथ लेकर निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने पार्षदों को साथ लेकर सेक्टर 13 में निर्माणाधीन सीसी की सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क के निर्माण में प्रयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री की जांच की। इस दौरान चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने ठेकेदार से कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवता से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं होगा। अगर इस मामले में जरा सी भी कोताही या ढिलाई हुई तो नगरपरिषद ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेंगी। यहां तक कि अगर जरूरत पड़ी तो गड़बड़ी करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा।

### सरकारी पैसे का सदुपयोग किया जाना निहायत जरूरी

उल्लेखनीय है कि अब वार्ड नंबर-2 के सैक्टर-13 में करीबन दो करोड़ रूपये की लागत से सीसी रोड़ का निर्माण किया जा रहा है, जिसका फिलहाल करीबन 10 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उक्त सड़क पिछले कई वर्षो से जर्जर हाल में थी। अनेक जगहों पर गड्डे होने की वजह से वाहन चालकों ही नहीं आमजन के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। अब इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, जिसका शुक्रवार को नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप एवं वार्ड नंबर-2 के पार्षद संदीप यादव, पार्षद सुभाष तंवर ने निरीक्षण किया तथा कार्य के गुणवत्ता की जांच की।



भिवानी। सेक्टर 13 में बन रही सड़क का निरीक्षण करते चेयरपर्सन प्रतिनिधि व पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### आमजन भी गुणवता जांचें और नप को सूचना दें

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि सार्वजिनक कार्यों पर सबकी नजर होनी चाहिए। जिस इलाके में निर्माण कार्य चल रहा है। वहां के लोग उस इलाके में जाकर निर्माण कार्य जांच करें और निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री की जांच करें। अगर निर्माण सामग्री में थोड़ी बहुत भी गड़बड़ी है तो उसकी तुरंत नगरपरिषद में शिकायत भेजे। ताकि निर्माण कार्य में किसी तरह की भी अनियमितता को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि कि सेक्टर-13 के प्रमुख रोड़ थे, जो कि काफी वर्षो से खस्ताहाल थे उन सभी को दोबारा से बनाया जा रहा है, ताकि आमजन को राहत मिल सकें।

### विकास कार्यों ने पकड़ी गति

वार्ड 2 के पार्षद संदीप यादव ने कहा कि पूरे वार्ड में पूरी तेज गति से विकास कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि ये चार रोड़ है, जिसमें पीर वाला व कम्यूनिटी सेंटर के पीछे वाली रोड सहित चार सड़क मार्गो के निर्माण का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि यह रोड़ सीसी का बन रहा है, जिसमें पहले चरण का कार्य किया जा रहा है। पार्षद ने कहा कि पहले 3 से 4 इंच तक का पीसीसी का कार्य होता है, जिसके बाद 8 इंच का सीसी का कार्य होता है। उन्होंने कहा कि यहां पर पानी की समस्या थी, जिसके कारण तारकोल से बना रोड़ बार-बार टूट जाता था, लेकिन सीसी का रोड़ बनाया जा रहा है, जिससे रोड़ टूटने की समस्या से निजात मिलेगी।



भिवानी। प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई के सदस्य व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में अनेक पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने लोहारू के चौधरी बंसीलाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्राचार्य को मांगपत्र सौंपा तथा जल्द समाधान करवाने की गुहार लगाई। एनएसयूआई अध्यक्ष मनजीत ने बताया कि महाविद्यालय में पीने के पानी, टॉयलेट, लाईब्रेरी में किताबों, कक्षा-कक्षों की सफाई व मरम्मत, व्यायाम करने की सुविधा, कैंटीन की सुविधा, पार्किंग की सुविधा का अभाव है। इसके अलावा महाविद्यालय में प्रवेश द्वार से अंदर तक आस-पास जो सड़क है, उसकी मरम्मत की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के सामान रखने की कोई व्यवस्था नहीं है तथा देखरेख के लिए गार्ड भी नियुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई का उद्देश्य छात्र हितों की रक्षा करना है तथा इसके लिए समय-समय पर वे मांग उठाते रहते हैं। इस अवसर पर प्रवीण दहिया, राजेंद्र, रोहित, कपिल बहल, राहुल जुई, अशोक जुई, प्रिंस, सोनू, आदित्य फरटिया, सीनू, गौरव, सेवानंद, नीतू, खुशी, निकिता, विजित आदि मौजूद रहे।

# ड्राइविंग लाइसेंस के मेडिकल की फर्जी रसीद छपवाई, आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सामान्य अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मेडिकल के लिए काटे जाने वाली फीस के फर्जी रसीद छपवाकर गबन का मामला सामने आया है। जांच में महिला सहित 3 कर्मचारियों को दोषी पाया गया है। बीती रात पुलिस ने एक आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। ज्ञात रहे कि दादरी पुलिस को गुप्तचर विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेश कार्यालय से शिकायत मिली थी।

शिकायत में बताया कि दादरी सामान्य अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मेडिकल की 100 रुपये की ऑनलाइन रसीद की जगह मैन्युअल फर्जी रसीद बुक छपवाकर फर्जीवाड़ा किया गया है। आरटीओ और एसडीएम कार्यालय में लाइसेंस के लिए मिले आवेदकों से अस्पताल को रिकॉर्ड खंगाला। इसके रिकॉर्ड को अस्पताल के रिकॉर्ड से मिलान किया, जिसमें फर्जी रसीद बुक छपवाकर फीस काटने की बात सामने आ गई, जिसमें सामान्य अस्पताल को दो कर्मचारी व सिक्योरिटी गार्ड शामिल मिला।

- 100 रुपये की ऑनलाइन रसीद की जगह मैन्युअल फर्जी रसीद बुक छपवाकर फर्जीवाड़ा किया

# शगुन योजनाओं के नाम पर ठगी, पांच आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस ने शगुन योजना के नाम पर लोगों को ठगने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा है। जिनमें एक महिला आरोपी भी शामिल है। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

प्रबंधक थाना साइबर क्राइम भिवानी उप निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को नीरज निवासी जाटू लोहारीने शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें पुलिस को बताया कि उन्हें शगुन हरियाणा हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर काउंसिल में नौकरी लगने के नाम पर आरोपियों के द्वारा 07 लाख रुपये लिए गए थे लेकिन आरोपियों के द्वारा उनका झूठ जॉइनिंग लेटर व आई कार्ड जारी किए गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया था। थाना साइबर क्राइम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह ने अपनी टीम के साथ अभियोग में दो मुख्य आरोपियों को पानीपत से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। आरोपियों की पहचान बलजीत निवासी बड़ेसरा जिला भिवानी व रितु निवासी बडेसरा जिला भिवानी के रूप में हुई थी। तीसरे आरोपी संजय कुमार निवासी सिरसाना जिला हिसार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। अभियोग में आरोपी बलकार निवासी जींद व गुलशन निवासी चंडीगढ़ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों से 11 सीपीयू, 10 एलसीडी, 03 प्रिंटर, 02 बायोमेट्रिक डिवाइस, 13 मोबाइल फोन, पेमेंट स्लिप बुक 8, चेक बुक 22, पासबुक 11, एटीएम 11, एक गाड़ी, और 1,57,000 रुपए नगद बरामद किए हैं।




भिवानी। पुलिस की पकड़ में आए ठगी के आरोपी।

### जगत डूडी ने तैराकी में जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल

**चरखी दादरी।** मौड़ी के होनहार खिलाड़ी व नवयुग स्कूल के पूर्व छात्र जगह डूडी ने 5 से 7 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसिज खेलों में भाग लिया, जिसमें जगत ने तैराकी प्रतियोगिता में एक गोल्ड और एक सिल्वर मैडल प्राप्त किया। कोच सुरेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि गुजरात के गांधी नगर में आयोजित ऑल इंडिया सर्विसिज खेलों में जगतसिंह ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड मेडल तथा 100 मीटर बैकस्ट्रोक में सिल्वर मैडल प्राप्त किया। यह होनहार खिलाड़ी अनेक बार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुका है। जगत की शानदार उपलब्धि पर हरियाणा स्वीमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सांसद धर्मबीर सिंह, एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रसिंह फोगाट, अमरजीत डूडी, महाबीर डूडी, धर्मबीर, सोमवीर जाखड़, अजय जाखड़, विधायक बाढ़ड़ा उमेद पातुवास, हरियाणा एमेच्योर कबड्डी के चेयरमैन कुलदीप दलाल, सूबेसिंह राणा, जयभगवान लुहाच, विरेन्द्र फौगाट, टीटू फौगाट, सत्यवीर पंडित, बाबूलाल सैनी, सुखवीर फौगाट, राजेन्द्रसिंह, विक्की आदि ने बधाई दी।



- 50 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड मेडल तथा 100 मीटर बैकस्ट्रोक में सिल्वर मैडल प्राप्त किया

# सांसद ने जनऔषधि दिवस कार्यक्रम में लाभार्थियों को किया सम्मानित

## योजना गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नहीं: सांसद धर्मवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मवीर सिंह ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में जनऔषधि दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। सांसद धर्मबीर सिंह ने जनऔषधि योजना के अंतर्गत सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयों के लाभार्थियों को सम्मानित किया और योजना की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का उद्देश्य आमजन को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराना है, ये योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। सांसद ने लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम के अंत में सांसद धर्मबीर सिंह ने स्वास्थ्यकर्मियों और जनऔषधि योजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर लाभार्थियों ने भी अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि कैसे जनऔषधि केंद्रों से उन्हें सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे उनके चिकित्सा खर्च में भारी कमी आई है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य सहित गणमान्य नागरिक, जनऔषधि लाभार्थी, चिकित्सा विशेषज्ञ आदि उपस्थित रहे।



## हनुमान जोहड़ी मंदिर में महिला सम्मान समारोह का आयोजन

# 11 महिलाओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया

- महिलाओं की शक्ति, संघर्ष व सफलता को मान्यता देता है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को हनुमान जोहड़ी मंदिर में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान 11 महिलाओं को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय प्रचारक प्रकाश जोशी ने शिरकत की तथा अध्यक्षता संत निरंकारी मिशन के भिवानी जोन इंचार्ज अधिकारी बलदेवराज नागपाल ने की। कार्यक्रम में सान्निध्य मंदिर के महंत चरणदास महाराज ने की। समाजसेवी रमेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाजसेवा में सराहनीय भूमिका निभाने वाली 11 महिलाओं को सम्मानित कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय प्रचारक प्रकाश जोशी ने कहा कि नारी को समाज की मजबूती व राष्ट्र की तरक्की का आधार माना जाता है, जब एक नारी शिक्षित व सशक्त होती है तो ना केवल समाज व राष्ट्र की तरक्की में अपनी अहम भूमिका निभाती है, बल्कि अन्य बेटियों को भी अपने सपनों की उड़ान भरकर भविष्य में सशक्त व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए समाज के लिए प्रेरणा बनती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मानित करना है। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस याद दिलाता है कि महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और सफलता को मान्यता देना पूरे समाज के विकास के लिए आवश्यक है। इस मौके पर सुखपालसिंह, नीलम नागपाल, कविता चौहान, सुष्मा नागर, कमला देवी, लक्ष्मी, राजकुमार, रामपति, चंद्रकला, कमलेश, मंजू व बिमला आदि मौजूद रहे।



भिवानी। महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि



## भिवानी के रामपाल बिन्नू तंवर को डॉक्टट्रेट उपाधि से नवाजा

**भिवानी।** संस्कृति, पर्यावरण एवं समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता, जो इन समाजिक कार्यो मे अपने जीवन का अमूल्य समय देते है, वह सम्मान प्राप्त के सच्चे देशभक्त है, ये उद्गगार फिल्मी हास्य कलाकार राकेश बेदी, नेतिन मूर्ति भवन प्रधानमंत्री संग्राहलय के नेहरू ऑडिटोरियम दिल्ली में विशेष संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा सम्मान समारोह में भिवानी के रामपाल सिंह उर्फ बिन्नू तंवर को डॉक्टट्रेट उपाधि अवार्ड वितरित करते हुए कहे। डॉक्ट्रेट उपाधि प्राप्त करने पर बिन्नू तंवर ने कहा कि विश्व संस्कृति पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा मुझे उपाधि देकर जो सम्मान दिया है, उसके लिए वे आयोग के चेयरमैन सिन्हा अल्का व डॉ. नेहा सहित टीम के सभी साथी बधाई के पात्र है, जिन्होंने समस्त भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालो को समान दिया।



गाय सीढ़ियां चढ़ तो सकती है, लेकिन उसे उतरने में काफी परेशानी होती है।



चींटी एक ऐसा जीव है जिसके पास फेफड़े नहीं होते इसीलिए वह सो नहीं सकती है।

# चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर का पद शानदार, बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है।

## काफी ज्यादा मांग

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। यहां मुख्य अधिकारी कंपनी के अंतर्गत सभी तरह के तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन करता है उसका मूल्यांकन करता है तथा कंपनी का राजस्व अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी हर तरह के टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराता है और उन पर अपनी निगरानी में तथा अपनी जिम्मेदारी से काम करके कंपनी को मदद पहुंचाता है। कंपनी के लिए उपयुक्त तथा उपयोगी हर तरह की टेक्नोलॉजी का लेखा जोखा और उसकी देखरेख मुख्य अधिकारी के अंतर्गत आती है। टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी को आसान तरीके से चलाने का कार्य भी मुख्य तकनीकी अधिकारी का होता है।

## करने होते ये काम

- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर अपनी सूझबूझ से कंपनी के कार्य को अच्छी तरह से फैलाता है तथा कंपनी के मुख्य अधिकारियों को कंपनी को विकसित करने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने में टेक्नोलॉजी के जरिए मदद करता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर अपनी जिम्मेदारी से कंपनी के अंतर्गत होने वाले टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्य को संपन्न करवाता है और टेक्नोलॉजी के सेक्टर से संबंधित कंपनी को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर कंपनी के अंतर्गत होने वाले सभी टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट कंपनी के मुख्य अधिकारियों को समय-समय पर सौंपता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपनी सूझबूझ से आईटी परियोजनाओं को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करता है।
- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर कंपनी का सभी महत्वपूर्ण और जरूरी डाटा सुरक्षित रखता है।
- कंपनी के लिए जरूरी डाटा को सुरक्षित रखकर उसका प्रबंध करता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपने अनुभव के आधार पर टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी और ग्राहक के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करता है।
- तकनीकी के नए-नए तरीकों से कंपनी के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्या का निवारण किया जाता है।
- तकनीकी की मदद से अत्याधुनिक तरीके से निवेश किया जाता है।
- कंपनी का राजस्व बढ़ाने के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कंपनी के लिए उपयोगी उपकरण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि का संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करता है।

## जरूरी योग्यताएं

- सीटीओ बनने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना अनिवार्य है।

### तनख्वाह

किसी भी कंपनी या व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले सीटीओ की सैलरी इस बात पर निर्भर करती है कि वह अधिकारी दुनिया के किस देश में तथा किस प्रकार की कंपनी में काम करता है क्योंकि आमतौर पर बड़ी-बड़ी अमेरिकी कंपनियों में पूरी दुनिया के मुकाबले अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। भारत में भी बड़ी-बड़ी कंपनियां मुख्य तकनीकी अधिकारियों को अच्छा वेतन प्रदान करती है। आमतौर पर भारत में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर को प्रतिवर्ष 20,00,000 रुपए से लेकर 30 लाख रुपए के अंतराल में दिए जाते हैं। इसके अलावा अधिकारी के अनुभव और कंपनी के ऊपर सैलरी निर्भर करती है।

### कैसे बने सीटीओ

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर बनने के लिए आपको शुरुआत से ही विज्ञान विषय से संबंधित अध्ययन करना चाहिए और इसी फील्ड में आगे बढ़ना चाहिए अगर आप चीफ टेक्नॉलाजी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कंप्यूटर विज्ञान की फील्ड में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। ऐसा करने से आपके पास टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान आ जाएगा, जिसके आधार पर आप और अधिक गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। आमतौर पर बड़ी-बड़ी कंपनियां सीटीओ के पद पर ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं जिन्हें पहले से ही कुछ एक्सपीरियंस हो ऐसी स्थिति में आप शुरुआती समय में छोटी कंपनियों में कार्य कर सकते हैं, जिससे समय के अनुसार आपका एक्सपीरियंस बढ़ता रहेगा।

## आधुनिक तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र से भी की जा सकती है अच्छी आमदनी

# भारत में एग्रीकल्चर एक बहुत बड़ा क्षेत्र नौकरी के लिए भी अच्छा करियर विकल्प

### एग्रीकल्चर क्षेत्र के कोर्स

- मास्टर ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर
- मास्टर ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर बॉटनी
- बीटेक इन एग्रीकल्चर
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एंड अलाइड प्रेक्टिसस
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग
- बैचरल ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर
- बैचलर ऑफ साइंस आनर्स
- मास्टर ऑफ साइंस इन बायोलॉजिकल साइंस
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

एग्रीकल्चर का अर्थ होता है कृषि। भारत एक कृषि प्रधान देश है क्योंकि युगों युगों से भारत की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। खेती से ही भारत अपना जीवन यापन करता है। देश की अर्थव्यवस्था में खेती का बहुत बड़ा योगदान है। इसीलिए आप एग्रीकल्चर के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। अगर आपने यह सोचा है कि हम आपको खेती करने की सलाह दे रहे हैं, तो यह बिल्कुल गलत है क्योंकि वर्तमान समय में एग्रीकल्चर के रूप में विभिन्न पदों पर कार्यरत होकर आप एक बेहतरीन करियर विकल्प सुन सकते हैं। आज के समय में हमें ऐसी अनेक सारी खबरें देखने को मिलती है जिसमें विदेशों से लोग वापस लौट कर खेती करते हैं और करोड़ों रुपये कमा लेते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि वह लोग इतने सारे पैसे कैसे कमाते हैं। बता रहे हैं कि वर्तमान समय में खेती से संबंधित विभिन्न प्रकार की खेती की पद्धति प्रक्रिया सामने आई है। विशेष रुप से इजराइल की खेती प्रक्रिया से देश में बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है। इजराइल खेती प्रक्रिया के अनुसार कम जमीन में और कम समय में लाखों रुपये की कमाई होती है। यही वजह है कि विदेशों में लोग बड़ी-बड़ी नौकरियां छोड़कर अपने देश लौटकर यहां पर खेती करके लाखों और करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। जैसा कि आपको पता ही है कि वर्तमान समय में काम करने के प्रत्येक तरीकों में बदलाव आ चुका है। इसी प्रकार का बदलाव खेती के क्षेत्र में भी आ चुका है। आज के समय में एग्रीकल्चर एक बहुत बड़ा क्षेत्र बन चुका है। जहां पर लोग नौकरी करके एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं।

## अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान



### कैसे करे एग्रीकल्चर की पढ़ाई

एग्रीकल्चर में करियर बनाने के लिए आपको विभिन्न प्रकार के कोर्स करने होते है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वर्तमान समय में एग्रीकल्चर का क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसीलिए इसमें आपको विभिन्न प्रकार के नौकरियां करनी होती है विभिन्न प्रकार के पदों पर कार्य करके आप अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। एग्रीकल्चर के सत्र में विभिन्न प्रकार की डिग्रियां उपलब्ध कराई जाती है, जिनमें बेचलर, डिप्लोमा , मास्टर्स इत्यादि शामिल हैं। तो आइए एग्रीकल्चर के क्षेत्र में आने वाले कोर्स के बारे में भी आपको बताते हैं।

### आधुनिक कृषि के प्रकार

आज का समय बदल चुका है लगभग प्रत्येक कार्य को आधुनिक तरीके से किया जा रहा है जिसमें इंटरनेट और टेक्नोलॉजी का बहुत बड़ा योगदान है। इसी जगह जी के आधार पर तथा वैज्ञानिकों के सहारे पर अत्याधुनिक तरीके से खेती की जा रही है, जिसमें कम समय में कम जगह पर कार कंपनी से मोटा मुनाफा कमाया जाता है और बड़े पैमाने पर फसल का उत्पादन किया जाता है। इसमें कृषि इंजीनियर पता भारतीय प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तो आइए जानते हैं कि अत्याधुनिक तरीके से आधुनिक कृषि के प्रकार कौन-कौन से हैं?

### कृषि इंजीनियरिंग

कृषि के क्षेत्र में भी इंजीनियर की पद्धति शुरू हो चुकी है। बता दें कि कृषि इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे विशेष उपकरण तथा मशीनरी बनाई गई है जो कम समय में और कम जमीन पर लाखों रुपये की कमाई वाली फसलों को तैयार करता है। बता दें कि कृषि इंजीनियरिंग के तहत जल की निकासी सिंचाई ग्रामीण बिजली ग्रामीण रचनाएं मिट्टी का संरक्षण तथा कृषि के उपकरण इत्यादि विकल्प शामिल है। कृषि इंजीनियरिंग के अंतर्गत कृषि गतिविधियों को देखा जाता है। कृषि उपकरण कृषि मशीनों का निर्माण की प्रक्रिया जाता है तथा बेहतरीन ढंग से कार्य करवाया जाता है।

### करियर विकल्प

एग्रीकल्चर की महत्वता को जानते हुए भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा केंद्र से लेकर ग्रामीण स्तर तक विभिन्न प्रकार के एग्रीकल्चर से संबंधित पद जारी किए गए हैं। आप अपनी शिक्षा और अनुभव के आधार पर विभिन्न एग्रीकल्चर के कार्यों पर कार्यरत रह सकते हैं। आर्टिकल में बताए गए सभी प्रकार के कृषि क्षेत्रों से संबंधित करियर विकल्प विस्तार से जानते हैं।

#### कृषि इंजीनियरिंग में करियर

कृषि इंजीनियरिंग के सत्र में शिक्षा प्राप्त करने के बाद आप कृषि से संबंधित मशीनरी और कृषि शिक्षा पद्धति को अपने अनुसार नया रूप दे सकते हैं। डिजाइन करवा सकते हैं, कंपनियों में काम कर सकते हैं या कृषि अनुसंधान केंद्र में विकास के नए नए उपयोग कर सकते हैं।

**अर्थशास्त्र में करियर:** कृषि अर्थशास्त्र के क्षेत्र में बेहतरीन करियर विकल्प देखने को मिलता है क्योंकि यहां पर आज के समय में किसानों को खेती करने के लिए ऋण लेना होता है। इसके अलावा कृषि अनुसंधान और कृषि अर्थशास्त्र के रूप में बाजार के रुझानों को जागना होता है।

#### कृषि विज्ञान में करियर के अवसर

एग्रीकल्चर के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप कृषि विज्ञान का क्षेत्र चुन सकते हैं क्योंकि इसमें मुख्य रूप से मिट्टी से संबंधित रिसर्च की जाती है, जिसमें मिट्टी के अनुसार हवा और पानी तथा समय के अनुसार कौन-कौन सी फसलें होगी तथा किस प्रकार से उन्हें उगाना है? और कौन-कौन से खाद एवं उर्वरक तथा कीटनाशक का उपयोग करना है। इस बारे में जानकारी दी जाती है।

### बागवानी

आज के समय में लाखों की संख्या में लोग बागवानी के शौकीन हैं। बागवानी के अंतर्गत विदेशी फूलों वाले पेड़ न, विदेशी पेड़, विभिन्न प्रकार के बाग बगीचे, खूबसूरत पुराने पेड़ पौधे लगाए जाते हैं। पेड़ पौधों को बड़ा करने के लिए और हमेशा स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां दवाइयां दी जाती है। तथा उनकी देखभाल की जाती है इसके लिए विशेष प्रकार की कृषि विज्ञान की पढ़ाई करवाई जाती हैं।

वर्तमान समय में भारत में बागवानी के शौकीन बड़ी मात्रा में देखने के लिए मिल जाते हैं। विशेष रुप से अमीर लोग अपने फार्म हाउस पर बागवानी लगाते हैं। इसीलिए उन्हें बड़े पैमाने पर कृषि वैज्ञानिक की भी आवश्यकता पड़ती है।

#### बागवानी के लिए शीर्ष संस्थान

- आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, पुणे
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना
- गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर

### कृषि अर्थशास्त्र

अत्याधुनिक तरीके से कृषि करने के लिए विभिन्न प्रकार के अर्थशास्त्र के सिद्धांतों का उपयोग किया जाता है, जिसके आधार पर व्यापार और कृषि वस्तुओं का उत्पादन विभिन्न प्रकार के तरीके, कृषि उत्पादों की मांग, आपूर्ति, कृषि से संबंधित मदद, कृषि क्षेत्र में विशेषज्ञों का अनुभव तथा फसल, विज्ञान नीति, विश्लेषण, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, व्यापार, कृषि के उत्पादन आयात निर्यात कृषि क्षेत्र में पशुधन कृषि अर्थशास्त्र के रूप से नीति विश्लेषण, कृषि ऋण विश्लेषण, कृषि व्यवसाय इत्यादि कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**शीर्ष संस्थान :** कृषि अर्थशास्त्र क्षेत्र में कोर्स करवाने वाले भारत के शिक्षण संस्थान निम्नलिखित हैं –

- चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर
- महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली

### कृषि विज्ञान

कृषि विज्ञान अत्याधुनिक समय की कृषि के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि इसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि से संबंधित प्रत्येक छोटी-बड़ी विषय वस्तु को जांच के आधार पर परखा जाता है, जिसमें विशेष रूप से मिट्टी का अध्ययन किया जाता है। मिट्टी के अनुसार पानी, फसल, खाद, बीज, उर्वरता, हवा, नमी, कीड़े, कीटनाशक इत्यादि के आधार पर फसल का रंग रूप तैयार किया जाता है। सबसे पहले मिट्टी की जांच करके यह देखा जाता है, किस मिट्टी में तथा संबंधित पानी में यहां के वातावरण के अनुसार कौन-कौन सी फसल हो सकती है? कौन से समय हो सकती है तथा उसके लिए कितना पानी लगेगा और किस प्रकार से कीटनाशक का उपयोग करना है। इत्यादि सभी महत्वपूर्ण जानकारी कृषि विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित हासिल की जाती है।

**शीर्ष संस्थान :** एग्रीकल्चर के सत्र में आप करियर बनाना चाहते हैं, तो कृषि विज्ञान का सत्र अवश्य चुनें, क्योंकि यहां पर आपको बेहतरीन और विभिन्न प्रकार के कृषि विज्ञान से संबंधित करियर विकल्प देखने को मिलेंगे। भारत में कृषि विज्ञान की शिक्षा दिलाने वाले निम्नलिखित शिक्षण संस्थान है–

- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, पुणे
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना

#### बागवानी के क्षेत्र में करियर के अवसर

बागवानी के सत्र में आप एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। इसके लिए फूलों की खेती अंगूर की खेती फलों की खेती सब्जियों की खेती खुशबूदार फूलों को गाना उसका शोषण करना समय समय पर खाद उर्वरक कीटनाशक का उपयोग करना तथा किस प्रकार से आयात निर्यात करना है। इत्यादि इस प्रकार से बागवानी के क्षेत्र में बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं।

# परीक्षा का डर स्वाभाविक, यह जीवन के विशाल कैनवास पर एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

परीक्षा के दौरान डर और चिंता का अनुभव करना स्वाभाविक है, लेकिन यह समय जीवन के विशाल कैनवास पर एक छोटा-सा पड़ाव मात्र है। तनाव, शरीर की प्राकृतिक प्रतिक्रिया है जो हमें चुनौतियों के लिए तैयार करता है, पर लंबे समय तक रहने पर यह नींद और आत्मविश्वास को कमजोर कर देता है। इसे प्रबंधित करने के लिए योग, प्राणायाम, या 5-4-3-2-1 तकनीक जैसे व्यावहारिक उपाय अपनाए जा सकते हैं। गीता का सिद्धांत-कर्म करो, फल की इच्छा मत करो- हमें तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने की याद दिलाता है। परिणामों को जीवन की मंज़िल न समझें। टॉम क्रूज़, ओप्राह विन्फ्रे, या डॉ. कलाम जैसे उदाहरण साबित करते हैं कि अंक व्यक्ति की क्षमताओं को परिभाषित नहीं करते।

## अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर फोकस रखें

भारत में रतन टाटा या मैरी कॉम जैसी प्रेरणाएं दिखाती हैं कि सफलता के रास्ते अनेक हैं। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन जैसे संस्थान बिना डिग्री के भी रोज़गार के अवसर प्रदान करते हैं। हर व्यक्ति की प्रतिभा अद्वितीय होती है। हावर्ड गार्डनर के मल्टीपल इंटेलिजेंस थ्योरी के अनुसार, संगीत, शारीरिक कौशल, या सामाजिक बुद्धिमत्ता जैसे गुण भी सफलता की नींव रखते हैं। शौक, इंटर्नशिप, या ऑनलाइन कोर्सेज के माध्यम से इन्हें निखारा जा सकता है। स्वामी विवेकानंद का संदेश- उठो, जागो, और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो-हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। तनाव मुक्ति के लिए समय प्रबंधन, डायरी लेखन, या सहायता माँगना जैसे कदम उपयोगी हैं। पोमोडोरो तकनीक या प्राथमिकता सूची बनाकर पढ़ाई को प्रभावी बनाया जा सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए 7-8 घंटे की नींद, पौष्टिक आहार, और शारीरिक गतिविधियां तनाव कम करने में मददगार हैं। समाज के दबाव को समझते हुए भी अपनी सीमाएं तय करें। माता-पिता से खुलकर बात करें और अपनी योजनाओं को साझा करें। परिणाम के बाद भी जीवन नए रास्ते खोलता है-गैप ईयर, कौशल विकास, या वैकल्पिक शिक्षा संस्थानों के माध्यम से नए लक्ष्य बनाए जा सकते हैं। महाभारत के अर्जुन की तरह, अपने लक्ष्य पर फोकस रखें और शोर को अनदेखा करें। याद रखें, परीक्षाएं आपकी मेहनत को मापती हैं, मगर आपकी मानवता या सपनों को नहीं। एक परिणाम आपके हौसलों का अंत नहीं है। जैसे एक फसल खराब होने पर किसान खेती नहीं छोड़ता, वैसे ही आप भी आगे बढ़ते रहें। अटल जी के शब्दों में-तू न थकेगा कभी, तू न रुकेगा कभी...-यही जीवन की अनंत यात्रा का सार है।

### नए अवसर हमेशा मौजूद रहते

1. **मेहनत बनाम पहचान:** परीक्षाएं व्यक्ति की मेहनत और तैयारी का आकलन करती हैं, लेकिन वे उसकी मानवीय मूल्यों (जैसे दया, ईमानदारी) या सपनों की ऊंचाई को परिभाषित नहीं कर सकतीं।
2. **एक परिणाम, अंत नहीं :** किसी एक परीक्षा का नतीजा आपके हौसलों या संभावनाओं का अंतिम फैसला नहीं है। जीवन में नए अवसर और रास्ते हमेशा मौजूद रहते हैं।
3. **किसान का दृष्टांत:** जिस तरह एक बार फसल खराब होने पर किसान खेती नहीं छोड़ता, वैसे ही विद्यार्थी को भी लगातार प्रयास जारी रखना चाहिए। असफलता सीखने का हिस्सा है।
4. **अटल जी का प्रेरक संदेश:** 'तू न थकेगा कभी, तू न रुकेगा कभी...' -यह पंक्ति जीवन को एक अनवरत यात्रा मानने और चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देती है।
5. **जीवन की विशालता:** परीक्षा परिणाम जीवन के एक पृष्ठ जितना महत्व रखता है, पूरी पुस्तक नहीं। सफलता के लिए धैर्य और लचीलापन ज़रूरी है।
6. **सपनों की उड़ान:** अंक या ग्रेड आपके सपनों की उड़ान को सीमित नहीं कर सकते। इतिहास गवाह है कि कई महान हस्तियों ने औपचारिक शिक्षा के बिना भी असाधारण उपलब्धियाँ हासिल कीं।

परीक्षाएं जीवन का एक छोटा चैप्टर हैं, जिन्हें समग्रता में देखना चाहिए। असफलता या सफलता से आगे बढ़ने का साहस ही वास्तविक जीत है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय
(बी) द्रविड़
(सी) आस्ट्रिक
(डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी
(बी) संस्कृत
(सी) तमिल
(डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए) अपभ्रंश से
(बी) लौकिक संस्क्रत से
(सी) पालि-प्राकृत से
(डी) वैदिक संस्कृत से

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी
(बी) बांगरू
(सी) अवधी
(डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा
(बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा
(डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप


कनीना। स्ट्रॉन्ग रूम को देखते सहायक निर्वाचन अधिकारी दलबीर सिंह दुग्गल।

### स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

**कनीना।** नगर पालिका के सहायक निर्वाचन अधिकारी नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल ने शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया और सुरक्षा मैं तैनात अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। मतगणना 12 मार्च को होगी। जिसके लिए मतदान उपरांत पोलिंग मशीन स्ट्रॉन्ग रूम में रखी गई है। जहां पर दिन रात सुरक्षा व्यवस्था की गई है व सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### यदुवंशी स्कूल करियर कांउसलिंग कल

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में करियर कांउसलिंग व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन नौ मार्च को किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि संस्था के चेयरमैन राव बहादुर सिंह रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के लिए विशेषज्ञ करियर काउंसलर्स नियुक्त किए हुए हैं।


मंडी अटेली। जैतपुर गांव का श्याम मंदिर, जहां पहुंच रहे श्रद्धालु।

### लाखों श्रद्धालुओं ने मत्था टेक मांगी मन्नतें

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र से सटे राजस्थान कोटपूतली बहरोड़ जिले के प्राचीन धर्म स्थान श्याम बाबा मंदिर जैतपुर धाम में फाल्गुन माह में श्री श्याम मेला बड़े ही जोरशोर से भरता है। मंदिर के पुजारी विकास ने बताया कि अबकी बार मुख्य मेला आठ मार्च से को 11 मार्च तक भरेगा, जिसमें से देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर मन्नतें मांगते हैं।

**अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस :** लिंगानुपात में सुधार होने पर प्रदेश में चार जिला चयनित, इनमें महेंद्रगढ़ जिला दूसरे नंबर पर

# छात्रा नैन्सी को गर्ल्स चाइल्ड अवार्ड, सुषमा स्वराज अवार्ड से बनारसी होगी सीएम से सम्मानित

*बनारसी देवी अब तक 300 से अधिक महिलाओं को दे चुकी है रोजगार, समाजसेवा से बनाई विशेष पहचान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल/कनीना

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचकूला में शनिवार को प्रदेशस्तरीय समारोह होगा। इसमें मुख्यमंत्री नाराब सिंह सैनी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रदेश भर में चिन्हित की गई महिलाओं को सम्मानित करेंगे। इस लिस्ट में महेंद्रगढ़ जिला की एक छात्रा नैन्सी को गर्ल्स चाइल्ड अवार्ड और बनारसी देवी को सुषमा स्वराज अवार्ड से मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे।

यहीं नहीं, महेंद्रगढ़ जिला में लिंगानुपात सुधार होने (2023 से 24 में 869 था, इसके बाद साल 2024 से 25 में यह 902) पर जिला प्रशासन को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश में लिंगानुपात सुधार को लेकर ऐसे चार जिलों को चिन्हित किया है, इनमें महेंद्रगढ़ जिला दूसरे नंबर पर रहा है।


**जापान तक पहुंची बाजरे के लड्डू की मिठास :** कनीना। खंड के गांव बवानिया निवासी महिला बनारसी देवी को सुषमा स्वराज पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उनको समाजसेवा विशेषकर महिलाओं के रोजगार व स्वावलंबन को लेकर किए गए योगदान के चलते सम्मानित करेंगे। गांव बवानिया में रहने वाली महिला बनारसी देवी के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से तैयार किए बाजरे के लड्डू की मिठास जापान तक पहुंच चुकी है। विश्व में वर्ष 2023 को मोटे अनाज वर्ष के रूप में मनाया था। जिसमें संगठन से जुड़ी 16 महिलाओं ने दो माह के दौरान 50 क्विंटल से अधिक लड्डू तैयार कर करीब 10 लाख रुपये की आय भी प्राप्त की थी। बनारसी देवी ने बताया कि महिलाओं की ओर से तैयार उत्पादों की गुणवत्ता लोगों को इतनी भा रही है कि जहां स्टॉल लगते हैं, वहीं से ऑर्डर भी बुक हो रहे हैं।

गांव बवानिया की बनारसी देवी ने वर्ष 2001 में मोटे अनाज से खाद्य सामग्री बनाने का काम शुरू किया था, जो अब देशभर में उसकी पहचान बन गया है। इनके द्वारा बनाए महिला स्वयं सहायता समूह से वर्तमान में 300 महिलाएं जुड़ चुकी हैं। इस संगठन को एक एकड़ में दो करोड़ रुपये लागत से एक प्रोजेक्ट की मंजूरी मिल चुकी है। इस प्रोजेक्ट से उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। पिछले वर्ष फरवरी माह में जापान से पहुंचा महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल भी उत्पादों के स्वाद चख चुका है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जापान के इस प्रतिनिधि मंडल को बाजरे से बने लड्डू, नमकीन, मटर, बिस्कुट के पैकेट भेंट किए थे।

**मंडलाना की बेटी पेंटिंग के लिए सीएम के हाथों होगी पुरस्कृत :** नारनौल। मंडलाना गांव की माटी में पली-बढ़ी एवं सरकारी स्कूल की 8वीं कक्षा की छात्रा नैन्सी पुत्री संदीप को सीएम नायब सैनी के हाथों सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। नैन्सी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री पंचकुला में होने वाले भव्य समारोह में पुरस्कृत करेंगे। यह पुरस्कार उन्हें इक्को फ्रेंडली पेंटिंग बनाने की एवज में मिलेगा।

बता दें कि नैन्सी नारनौल खंड के गांव मंडलाना की रहने वाली है और वह गांव के ही राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की आठवीं कक्षा की छात्रा है। वह पिछले तीन सालों से पेंटिंग में हाथ आजमा रही हैं। पेंटिंग बनाने की प्रेरणा उन्हें स्कूल की ही टीचर मोनिका शर्मा से मिली। मोनिका शर्मा ने भी उसके हुनर को देखते हुए उसमें गहरी रुचि ली और उसे तरासने लगी।

इसी का परिणाम रहा कि जब बाल भवन में गत नवंबर मास में बाल दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, तब नैन्सी की पेंटिंग ने प्रथम स्थान पाया। इस प्रकार उनकी यह पेंटिंग राज्य स्तर तक पहुंच गई और अब उन्हें मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कार मिलेगा।



बनारसी देवी


छात्रा नैन्सी

नारनौल। बनाई गई इक्को फ्रेंडली पेंटिंग।

**पंचकूला में होगा प्रदेशस्तरीय समारोह**

### देशभर में लगातार बढ़ रही उत्पादों की मांग

स्वयं सहायता समूह से जुड़ी इन महिलाओं के उत्पादों की मांग देशभर में है। दिल्ली, मुंबई, गुजरात, गोवा, चंडीगढ़, रोहतक और गुरुग्राम सहित देश के बड़े शहरों में बाजरे के लड्डू व नमकीन की बड़ी मांग है। यह समूह देशभर में 50 से अधिक बड़े स्तर के मेलों, प्रदर्शनी, पशु प्रदर्शनी, कृषि मेलों में कृषि विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़ जिला बागवानी विभाग, कृषि विभाग, नाबार्ड की मदद से स्टॉल लगा चुकी हैं। देशभर में लगाए गए इनके स्टॉलों के माध्यम से बुकिंग कर उत्पादन पहुंचाए जाते हैं। इसके लिए संगठन को एडवांस में कुछ राशि भी मिल जाती है। तय समय में उत्पाद तैयार कर भेजे जाते हैं।

### बनारसी ने किया 300 महिलाओं को कामयाब

गांव बवानिया की 50 वर्षीय बनारसी देवी ने अनपढ़ होने के बावजूद भी वर्ष 2001 में संघर्ष शुरू कर दिया था। इसके बाद कृषि विज्ञान केंद्र, बागवानी विभाग, कृषि विभाग से समय समय पर प्रशिक्षण लेकर स्थानीय अनाज, सब्जी व फलों से खाद्य सामग्री बनानी शुरू कर दी। संगठन की ओर से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज, फल व सब्जियों के 15 प्रकार के अचारए मुरब्बा, जैम, चटनी, सॉस, आंवले का मुरब्बा सहित अन्य उत्पाद बनाने शुरू किए गए। दो माह पूर्व बाजरे के लड्डू, नमकीन व मटर बनाने शुरू किए थे, जिनकी मांग तेजी से बढ़ रही है। संगठन की बनारसी देवी, माया देवी, कृष्णा, कविता, सुषमा, सविता, मंजू भगवंती, सुमन, रेखा, विमला, चलती, राजबाला, मंजू कुमारी, सरोज, माया ने बताया कि संसाधनों के अभाव में मांग के अनुसार उत्पाद तैयार नहीं कर पातीं। इसके लिए दिन रात मेहनत करती हैं। प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल चुकी है। गांव में ही एक एकड़ में यह प्रोजेक्ट बनेगा। प्रोजेक्ट में उपकरण, मशीन सहित जरूरत का सभी सामान उपलब्ध हो सकेगा, तो तेजी से कारोबार भी बढ़ेगा।

### कुछ ऐसा कहती है पेंटिंग

नैन्सी द्वारा बनाई गई पेंटिंग इक्को फ्रेंडली है। पेंटिंग में एक लड़की पानी के अंदर अपना छाया चित्र देख रही है, तब उसे पानी के अंदर खूब सारी हरियाली एवं सुंदर वातावरण दिखाई देता है, जबकि धरती के ऊपर धुआं छोड़ते वाहन एवं इंडस्ट्री की वजह से हर तरफ प्रदूषण एवं विकृत पर्यावरण दिखाई देता है। जो लोगों को पर्यावरण के प्रति चिंतन करने को मजबूर करती है।

### यह बोले माता-पिता

नैन्सी की माता गृहिणी है, जबकि पिता संदीप कुमार स्नातक होने के बावजूद मजदूरी करते हैं। उनको एक बेटा एवं एक बेटी है। बेटी की रुचि पेंटिंग में है और वह अपनी टीचर की देखरेख में तरह-तरह की पेंटिंग बनाती रहती है। स्वयं नैन्सी ने बताया कि वह सीएम के हाथों सम्मानित होने का समाचार पाकर बहुत ही खुश है तथा पापा के साथ रोडवेज बस से पंचकूला जा रही हैं।

# विवि की टॉप-10 सूची में एमएससी जूलॉजी के दो विद्यार्थियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की ओर से एमएससी जूलॉजी के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची पर कब्जा किया। इस टॉप-10 सूची में रितिका पुत्री शेर सिंह ने 8.85 एएसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान, मोनिका पुत्री अजयपाल ने 8.73 एएसजीपीए लेकर पांचवा स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ यदुवंशी कॉलेज का नाम भी रोशन किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा मोनिका ने अपने अध्ययन में अनुशासन और लग्न को प्राथमिकता देते हुए इस परीक्षा परिणाम ने शानदार प्रदर्शन किया। यह सफलता विश्वविद्यालय में अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी है। संस्था ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी और मेहनत से काम करता है, तो उसे सफलता जरूर मिलती है। रितिका और मोनिका ने न केवल अपना अपने परिवार का मान बढ़ाया है, बल्कि अपने यदुवंशी कॉलेज के साथ अपने जूलॉजी विभाग का भी नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इन विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व महसूस किया।


महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

*महिला कबड्डी मुकाबले में आरपीएस डिग्री कॉलेज बना विजेता*

# आरपीएस कॉलेज बलाना में इंटर कॉलेज दो दिवसीय महिला-पुरुष टूनार्मेंट का हुआ भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस कॉलेज बलाना में दो दिवसीय वार्षिक टूर्नामेंट का आगाज शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम से हुआ। जिसमें मुख्यातिथि मिस मीनू छत्रवाल, भारतीय खो-खो टीम खिलाड़ी चैंपियन वर्ल्डकप-2025 व संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, विशिष्ट अतिथि संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव, कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव व रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, विशेष अतिथि प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, डीन डॉ. हेमंत कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित व अतिथि स्वागत गान से हुआ। सभी टीमों ने मार्च पास्ट व ध्वजारोहन कर शपथ दिलाई। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान ने बताया हर वर्ष की तरह कॉलेज में वार्षिक स्पर्धा-2025 महिला व पुरुष दो दिवसीय टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ, जिसमें महिला, पुरुष रेस 100 मी., 200 मी., 400 मी., 800 मी., 1500 मी., रिले रेस, लोंग जैम्प, हाई जैम्प, जेवलिंग थ्रो, डिसक्स थ्रो, शॉट-पुट, वालीबॉल, बास्केट बॉल, कबड्डी, बेट मिंटन, टेबल टेनिस होंगे। महिला कबड्डी का मुकाबला आरपीएस डिग्री कॉलेज व आरपीएस इंजि. कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें डिग्री कॉलेज विजेता रही। इसमें तनू दलाल को बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड दिया गया। पुरुष कबड्डी मुकाबले बड़ा रोचक रहा जिसमें आरपीएर्स डिग्री कॉलेज विजेता रहा।

मुख्यातिथि मीनू छात्रवाल ने कहा कि खेल विद्यार्थी जीवन में बहुत जरुरी है। स्वास्थ्य के साथ बौद्धिक विकास होता है। वर्तमान में सरकार ने खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हुई है। जिनका विद्यार्थियों को खेल में रुचि लेकर विशेष लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने आरपीएस कॉलेज की खेल व्यवस्थाओं व सभी अनुभवी प्रशिक्षकों की प्रसंशा की। कॉलेज चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचने व आरोग्य रहने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी खेलों से जुड़े। कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा बताया कॉलेज प्रबंधन समिति प्रत्येक विद्यार्थी को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने के दृढ़ संकल्पित है। हरी-भरी वादियों में सुंदर खेल ग्राउंड व अनुभवी कोच देकर खिलाड़ियों को उच्च पायदान पर रखना हमारा मुख्य उद्देश्य है।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### इनकी रही विशेष भूमिका

टूनार्मेंट में निर्णायक की भूमिका सज्जन सिंह कोच, विक्रम गौतम ने निभाई। टूनार्मेंट को बेहतर ढंग से चलाने के लिए उमेद सिंह, सुनील ढिल्लो, धीरज कोच, विक्रम सिंह, रमेश शर्मा, नवीन पिलानियाँ प मंजू विशेष भूमिका निभाई।

# नारी वह शक्ति है, जो समाज को देती है दिशा: डा. राजवती यादव


नारनौल। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष डा. राजवती यादव ने स्लम एरिया टैलेंट संस्था की ओर से आयोजित विशेष कार्यक्रम में महिलाओं में कहा कि नारी शक्ति, वह शक्ति है जो समाज को दिशा देती है, बदलाव लाती है और देश की तरक्की में अहम भूमिका निभाती है। नारी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि की जननी है। मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में वह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन यह दुख की बात है कि समाज में आज भी कई जगहों पर महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को आज भी शिक्षा की कमी, आर्थिक असमानता, घरेलू हिंसा और असुरक्षा जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग से लोग महिला सशक्तिकरण के लिए आगे आए और महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए संकल्प लें। डा. राजवती यादव ने सभी से अपील की कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास की मांग करता है। इस मौके पर संदीप राव, मंजूबाला, माया देवी, चित्रा, हनी गुप्ता, सुरेश फौजी आदि मौजूद थे।

*निवाजनगर में कार्यक्रम आयोजित*

# भाजपा राज में महिलाओं को मिल रहा सम्मान : भारती सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भाजपा महिला मोर्चा ने शुक्रवार नारनौल विधानसभा के हुडिना मंडल के गांव निवाजनगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महिला मोर्चा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी के आह्वान पर जिला अध्यक्ष भारती सैनी की अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष माया सैनी, सुमन यादव, जिला सचिव रविना सोनी व कुसुम निर्मल, मंडल अध्यक्ष प्रीति सैनी व मीडिया प्रभारी सुनीता शर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जनधन योजना, मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना व सेल्फ हेल्प ग्रुप की बहनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने अंग दान की आवश्यकता को समझाते हुए अंगदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हरियाणा 50 फीसदी महिलाओं के लिए पंचायतों में भागीदारी सुनिश्चित करने वाला पहला राज्य है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। चाहे खेल से लेकर विज्ञान या राजनीति हो। हरियाणा की महिलाओं ने पूरी दुनिया में नाम कमाया है। पहली महिला उपराज्यपाल चंद्रावती, पहली विधानसभा स्पीकर शन्नो देवी, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, साक्षी मलिक, गीता फौगाट, मानुषी चिल्लर समेत पहली महिला पायलट भी कविता बैनीवाल हरियाणा से ही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को बेटियों को बचाने का संकल्प लिया। सरकारी अधिकारियों से लेकर एनजीओ और हर वर्ग ने इसमें सहयोग किया। साल 2015 में जो लिंगानुपात 871 था, लेकिन अब ये 900 पार हो गया है और भी बढ़ेगा। सरकार ने महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट, महिला थाना, दुर्गा शक्ति जैसे कदम उठाए।


नारनौल। गांव निवाजनगर में महिलाओं को भाजपा नीति से अवगत करवाती भारती सैनी। फोटो :हरिभूमि

*हरियाणा 50 फीसदी महिलाओं के लिए पंचायतों में भागीदारी सुनिश्चित करने वाला पहला राज्य*


महेंद्रगढ़। छात्रा प्रीति को सम्मानित करते चेयरमैन।

### श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा की छात्रा प्रीति ने सीए परीक्षा में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा से छात्रा प्रीति ने इंस्टीट्यूट आफ कॉस्ट अकाउंटेंट आफ इंडिया द्वारा आयोजित फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा में सफलता अर्जित कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. एसएस यादव ने बताया कि स्कूल की छात्रा प्रीति ने इंस्टीट्यूट आफ कॉस्ट अकाउंटेंट आफ इंडिया द्वारा आयोजित फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स कम से कम तीन वर्ष का होता, जिसमें तीन चरण होते हैं। पहला फाउंडेशन, दूसरा इंटरमीडिएट तथा तृतीय चरण फाइनल कहलाता है। चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंट वाणिज्य जगत की प्रतिष्ठित परीक्षा होती है। जिसमें सफलता पाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, लेकिन श्रीकृष्णा स्कूल की छात्रा ने यह अपनी अदम्य प्रतिभा तथा शिक्षक के सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन में सफलता हासिल करके यह सिद्ध कर दिया है कि हर चुनौती को सहृश स्वीकार किया तो सफलता स्वयं आपके कदमों को चुमेगी। यही ही श्रीकृष्णा ग्रुप की परंपरा रही है तथा कॉमर्स संकाय पढ़ा रहे शिक्षकों को बधाई दी।

### इंस्पायर अवॉर्ड योजना में सीएल स्कूल दो विद्यार्थी चयनित

**नारनौल।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से जिले स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के अंतर्गत इंस्पायर मानक अवार्ड में सीएल पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों नौवीं कक्षा के तनिष्क पुत्र विनोद सैनी व 10वीं कक्षा की वैष्णवी बंसल पुत्री उमेश बंसल ने सफलता प्राप्त कर जिलेभर में परचम लहराया। जिन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र व 10 हजार रुपये नकद राशि प्राप्त हुई। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रबंधक निदेशक अमित गुप्ता ने बताया कि वे विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें समय समय पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। जिससे उनका चारित्रिक एवं बौद्धिक विकास होता है। अंत में प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने सफल विद्यार्थियों व उनके माता पिता को बधाई दी।


छात्र तनिष्क


छात्रा वैष्णवी

**कार्यक्रम** | बागवानी पर जिलास्तरीय सेमिनार का आयोजन

*सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न स्कीमों को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत: एसडीएम*

# बागवानी की स्कीमों के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार बागवानी से किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न स्कीमों को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। यह बात नांगल चौधरी एसडीएम मनोज कुमार ने शुक्रवार को गांव सैदअलीपुर में बागवानी विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय सेमिनार में कही। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि किसान अधिक से अधिक बागवानी फसलों के नवीनतम तकनीक ज्ञान से अवगत हो सके। बागवानी को अपनाकर अपनी आय में भी मुनाफा कर सकते हैं। बागवानी विभाग की स्कीमों का लाभ लेने के लिए सर्वप्रथम किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इसके बाद विभाग से संपर्क कर विभिन्न स्कीमों का लाभ ले सकते हैं।

किसान इस क्षेत्र में बेरए खजूर तथा अनार जैसे शुष्क मौसम के फल लगा सकते हैं। संरक्षित आकृति जैसे नेट हाउस, मल्चिंग व टनल के अंदर सब्जी की काश्त आधुनिक तरीके से जैसे टपका सिंचाई प्रणाली के माध्यम से किसान अपनी आय में मुनाफा कर सकता है। किसानों की ओर से लगाई गई। जिला उद्यान अधिकारी डा. प्रेम कुमार ने किसानों को कहा कि जलवायु के अनुसार यहां पर सब्जी व मसाले की खेती व उनके बीज उत्पादन आसानी से किया जा सकता है। बागवानी विभाग 15 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दे रहा है। स्कीमों का लाभ लेने के लिए सर्वप्रथम मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर किसान बागवानी विभाग के पोर्टल एचओआरटी नेट डॉट जीओवी डाट इन पर पंजीकरण करवा कर मद का चुनाव करके जरूरी दस्तावेज अपलोड करने के बाद ही स्कीम का लाभ लेने का योग्य होगा।


नारनौल। किसानों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन करते एसडीएम मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

### मसाले उत्पादन में चार हेक्टेयर का लाभ लें

*उन्होंने बताया कि एक किसान अधिकतम सब्जी उत्पादन में दो हेक्टेयर, सब्जी बीज उत्पादन में पांच हेक्टेयर व मसाले उत्पादन में चार हेक्टेयर का लाभ ले सकता है। सब्जी उत्पादन के लिए साथ में समन्वित मद बंबू स्टेकिंग, मल्चिंग, टनल या मिनी, ड्रिप सिस्टम के साथ सब्जी लगाना अनिवार्य है तथा बीज उत्पादन मध्य के लिए कंपनी एवं किसानों के बीच एग्रीमेंट होना अनिवार्य है। इस मौके पर एकीकृत बागवानी विकास केंद्र सुंदरह से मुकेश शिवरान, कृषि विज्ञान केंद्र बावल से डा. नरेंद्र कुमार, कृषि विभाग नारनौल से एसडीओ डा. मनमीत फील्ड स्टाफ व सरपंच आदि व्यक्ति मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप

### महिला घर परिवार की धुरी : बीके वसुधा

**भिवानी।** महिला बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की आधारशिला है, आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में धारण कर घर परिवार व समाज को मूल्य निष्ठ बना सकती है, ये उद्गार क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा द्वारा नांधा गांव में मूल्य निष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान विषय पर महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला घर परिवार की धुरी है।

### रिटायर्ड कर्मचारी 11 को करेंगे कुरुक्षेत्र कूच

**भिवानी।** बड़चौक स्थित सर्व कर्मचारी संघ के कार्यालय में रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला भिवानी व सभी खंडों की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान नरेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई तथा संचालन जिला सचिव राजबीर कादयान ने किया। जिला प्रधान नरेश शर्मा ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों की लंबित मांगों को अनदेखा करने के विरोध में 11 मार्च को कुरुक्षेत्र उपायुक्त कार्यालय पर प्रदेश स्तरीय धरना दिया जाएगा।

### स्वयंसेविकाओं ने योग एवं प्राणायाम किया

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन की कार्यक्रम अधिकारियों डॉक्टर रेनू बाला एवं प्रोफेसर मंजू के मार्गदर्शन में शुरुआत पूरे उमंग और जोश के साथ की गई। प्रातः काल सभी स्वयंसेविकाओं ने मिलकर योग एवं प्राणायाम किया।

### बुशान में बीमार गायों का इलाज किया

**तोशाम।** गांव बुशान के जीव-जंतु कल्याण समिति ने एक बार फिर अपने अनूठे प्रयास द्वारा गांव व आसपास गांवों में घायल दुखी बीमार गौ माताओं और बेजुबान जीव-जंतुओं और पक्षीयों के निशुल्क इलाज के लिए डॉ. सचिन उर्फ काला आगे आए हैं। शुक्रवार फाल्गुन नवमी को जीव जंतु कल्याण समिति के संचालक डॉ. सचिन काला ने बुशान मंदिर स्थित बाबा नोमी नाथ गऊशाला में बीमार गायों का ईलाज कर व गौ माता के लिए एक क्विंटल गुड़, एक ट्राली तुड़ी व गांयो के लिए केल्शियम दवाई देकर शुरुआत की है।

डॉ. सचिन ने बताया कि इसका प्राथमिक उद्देश्य समाज में पशुओं के प्रति दया और करुणा को प्रोत्साहित करना है, साथ ही नागरिकों में पशुओं के साथ मानवीय व्यवहार करने के लिए जागरूकता बढ़ाना है।

### फसल खरीद के दौरान न हो परेशानीः उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में सरसों व गेहूं की खरीद प्रबंधन बारे संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सरसों खरीद प्रक्रिया में किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की गडबड़ी की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरसों में किसी भी तरह की मिक्सिंग नहीं होनी चाहिए। सरसों में किसी भी तरह की मिलावटी नहीं होनी चाहिए।

### ड्यूटी में कोताही पर 06 पर्यवेक्षक कार्यभार मुक्त

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ मुनीश नागपाल, ने बताया कि आज सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) एवं डी.एल.एड.(रि-अपीयर) की विषय की परीक्षा में प्रदेशभर में कुल 31 अनुचित साधन प्रयोग के केस दर्ज किए गए, जिसमें 06 प्रतिरूपण के मामले शामिल है। शुक्रवार संचालित हिन्दी विषय की परीक्षा में 2,84,809 परीक्षार्थी तथा डी.एल.एड.की परीक्षा में 442 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए। बोर्ड सचिव ने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष के उडनदस्ते द्वारा जिला- अम्बाला के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

---

### मेहंदी व कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में खुशबू ने जीता प्रथम स्थान

# बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में छात्रा कल्पना व निशु ने मारी बाजी

- वैश्य महाविद्यालय में होली रंगोत्सव-2025 का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

वैश्य महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग ने शुक्रवार को होली रंगोत्सव-2025 का आयोजन किया। रंगोत्सव का शुभारंभ पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता, महासचिव डॉ पवन बुवानीवाला, ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डीन एकेडमिक डॉ. नरेंद्र चाहर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर धीरज त्रिखा एवं स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने विशेष रूप से शिरकत की।

रंगोत्सव में पांच महाविद्यालयों की 45 टीमों ने भाग लिया। समारोह में निर्णायक मंडल की भूमिका रंगकर्मी कौशल भारद्वाज, एडवोकेट रूपेश वत्स, डॉ चांदनी, डॉ. कीर्ति चौहान ने निभाई। मंच संचालन नंदनी, सुनिधि, सलोनी ने किया। प्राचार्य डॉ. संजय ने कहा कि होली का त्यौहार हमारे जीवन में आशा का संचार करता है व आपसी भाईचारे का प्रतीक है। डॉ. प्रोमिला ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि होली का त्यौहार हमें एकता में बांधने का काम करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन किसी भी शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति से अवगत करवाते हैं। समिति के महासचिव डॉ. पवन ने कहा कि होली रंगों का ही नहीं, बल्कि भाईचारे एवं आपसी सौहार्द का सबसे बड़ा पर्व माना जाता हैं, जिसे पूरा भारत वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाता है। होली रंगोत्सव-2025 में अंतर महाविद्यालय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।



**भिवानी।** अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### रंगोली में नेहा ने प्रथम रही

सांस्कृतिक पोशाक प्रतियोगिता में नैना ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय व अंशिता ने तृतीय, रंगोली में नेहा ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय व मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इटिंग स्टॉल प्रतियोगिता में मधु व श्रुति ने प्रथम, अमन व अतुल ने द्वितीय व संजय व हेमंत ने तृतीय स्थान जीता। इसके अलावा बिना आग के खाना बनाना प्रतियोगिता में शशि व प्रियंका ने प्रथम, खुशबू व साक्षी ने द्वितीय व रुचि व खनक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गेम स्टाल में सुनील व कृष्ण को प्रथम, नेहा व कोमल को द्वितीय व मुस्कान व पायल तृतीय स्थान मिला।

#### छात्राओं ने रंगों के साथ मनाई होली

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में रंगो का त्योहार होली महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने होली रंगों के साथ मनाई और पानी की बचत का ध्यान रखा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक व हर्बल रंगों का प्रयोग किया और संगीत के साथ नृत्य किया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर त्रिलोकचंद ने बताया कि यह त्यौहार एक राष्ट्रीय पर्व है, जिससे भाईचारा और आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को होली के त्योहार के महत्व के बारे में जागरूक करना था, साथ ही उन्हें पानी की बचत के महत्व के बारे में भी बताना था। हमें खुशी है कि बच्चों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और होली के त्योहार को बिना पानी के मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के स्टाफ और प्राचार्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आदर्श महिला महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह के अंतर्गत भजन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उपस्थितजनों ने भगवान श्रीकृष्ण की होली से संबंधित भजनों की मधुर प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे माहौल को भक्तिमय और रंगीन बना दिया। गृह विज्ञान विभाग द्वारा होली व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों ने पारंपरिक होली पकवानों जैसे गुजिया, मालपुआ, दही वड़ा आदि की विविधता प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट व्यंजन बनाने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

---



**भिवानी।** पत्थर ढोने वाले वाहनों के कागजातों की जांच करते हुए।

# ई-रवाना के कागजात अधूरे मिले तो वाहन होंगे इम्पाऊंड

- एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने किया डाडम की पहाड़ियों का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

एसडीएम डॉ अशवीर सिंह नैन ने शुक्रवार को डाडम की पहाड़ियों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने डाडम पहाड़ी की खदानों का निरीक्षण कर खनन विभाग के अधिकारियों को पहाड़ी क्षेत्र में लगातार निगरानी किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि खनन अधिकारी पहाडी में जाने वाले तमाम बंद रास्तों की यथास्थिति रखना सुनिश्चित करें।

एसडीएम डॉ अशवीर नैन शुक्रवार को अचानक डाडम की पहाड़ियों का निरीक्षण करने पंहुचे। एसडीएम ने डाडम की पहाड़ियों में जाने वाले रास्तों का निरीक्षण किया और खनन अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र का लगातार दौरा करते रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि खनन अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी तरह से अवैध माइनिंग न हो। उन्होंने कहा कि डाडम पहाड़ी इलाके की निरंतर निगरानी बनाए रखें। पहाडियों पर निगरानी के लिए पेट्रोलिंग को बढ़ाएं। एसडीएम ने खनन अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मामले में कोताही की तो कड़ी कार्रवाई होगी। इसके बाद एसडीएम डॉ नैन खानक पंहुचे और खनन एरिया से निकल रहे वाहनों का ई-रवाना चैक किया।


**भिवानी।** पहाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

#### खनन कार्य बंद

एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक वाहन मालिक तय लोड को ही भरवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने बताया कि डाडम पहाड़ियों का निरीक्षण किया गया। डाडम पहाड़ी में खनन कार्य पूर्णतया बन्द है। इसके लिए लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि खानक के खनन क्षेत्र से पत्थर ढुलाई कर रहे वाहनों का भी ई-रवाना चैक किए गए हैं। इस तरह का निरीक्षण लगातार जारी रहेगा।

---

### विद्यार्थियों ने नारी सशक्तिकरण और पर्यावरण पर बनाए पोस्टर



**भिवानी।** महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को हॉबी क्लब के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयाजन किया। वहीं महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया, जिसमें विभिन्न छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण बचाओ सहित विभिन्न विषयों पर स्लोग्न एवं पोस्टर बनाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रणधीर सिंह रोहिल्ला ने की। उन्होंने कहा कि हॉबी क्लब से हमारी सृजनात्मकता का विकास होता है, जो हमे आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है। हॉबी क्लब इंचार्ज कविता शर्मा ने कहा कि अभिरूचि हमारी जीवनशैली को निखारकर आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करती है। कॉलेज के प्रेस प्रभारी डॉ. जगबीर मान ने बताया कि महाविद्यालय में आठ हॉबी क्लब चलाए जा रहे है।

### सीबीएलयू में शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग ने कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी की अगुवाई एवं कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा के मार्गदर्शन में "शोध पत्र कैसे लिखें" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और महत्वाकांक्षी शोधकर्ताओं के बीच शोध और अकादमिक लेखन कौशल को बढ़ाना था। कार्यशाला में शोध पत्र लेखन के विभिन्न पहलुओं पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया, जिसमें पेपर की संरचना, उपयुक्त पत्रिकाओं का चयन और नैतिक शोध प्रथाओं का पालन करना शामिल है। सत्र का उद्घाटन प्रोफेसर एसके सिन्हा ने किया, जिन्होंने ज्ञान को आगे बढ़ाने, अकादमिक व पेशेवर समुदाय में योगदान देने में अकादमिक शोध के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्घाटन भाषण में, एफसीएम के डीन प्रोफेसर डीके मदान ने छात्रों और युवा शोधकर्ताओं के बीच उनके अकादमिक और पेशेवर विकास को बढ़ाने के लिए मजबूत शोध कौशल विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# एक रुपये में इंजीनियर दूल्हे ने शादी की

- फरीदाबाद की एमबीए दुल्हन से बिना दहेज के शादी की।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

भिवानी के गांव शिमली बास निवासी इंजीनियर दुल्हें ने फरीदाबाद की एमबीए दुल्हन से बिना दहेज के शादी की। उन्होंने दुल्हन पक्ष से शगुन के रूप में एक रूपया व नारियल लेकर मिसाल कायम की। बल्कि दुल्हन पक्ष की तरफ से बल्लभगढ निवासी पल्लवी के परिजनों ने शगून के तौर पर 11 लाख रुपये देना चाहा, पर शिमली बास निवासी राजेश महल्ला के बेटे सुनील ने एक रूपया व नारियल लेकर शादी की रस्में निभाई। इस मौके पर पूर्व विभागध्यक्ष डॉ. एसपीएस यादव,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रूपेंद्र रंगा, सरोज रंगा, चांद बराड़ आदि ने नव दम्पति को आशीर्वाद दिया। दुल्हा गांव शिमलीबास निवासी सुनील महल्ला मुम्बई स्थित टाटा मोटर्स कम्पनी में बतौर मैनेजर कार्यरत है,जबकि दुल्हन पल्लवी जो कि जर्मनी में एमबीए की पढाई कर रही है। दुल्हे के पिता राजेश महल्ला बुलंद शहर की एक कम्पनी में मैनेजर के पद पर तैनात है। पिता राजेश महल्ला का कहना है कि उनका परिवार आर्य समाज में विश्वास रखता है और बच्चों ने सनातन संस्कृति के अनुसार शादी करने की सलाह दी थी। हम समाज में आज शादी ब्याह में बहुत अधिक पैसा शानौ व शौकत के लिए खर्च करने के बजाए गरीब परिवार के बच्चों की आर्थिक सहायता करनी चाहिए।


**भिवानी।** नवदम्पति को आशीर्वाद देते ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रूपेंद्र रंगा ,सरोज रंगा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

---

# सांगवान का निधन राजनीति एवं सामाजिक क्षतिः मनोहर

**चरखी दादरी।** शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल दादरी पहुंचे और विधायक सुनील सांगवान के पिता एवं पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान के निधन पर शोक जताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं दी। गत सोमवार को मेदांता अस्पताल में पूर्वमंत्री सतपाल सांगवान ने अंतिम सांस ली थी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सतपाल सांगवान का निधन राजनीति एवं सामाजिक क्षति है, जिसकी पूर्ति कभी नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा कि सतपाल सांगवान ने हमेशा जरूरतमंद लोगों की भलाई के लिए काम किया। मनोहर लाल ने कहा कि सतपाल सांगवान का बेटा विधायक सुनील सांगवान उनके अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व विधायक राव दानसिंह, पूर्व विधायक रणबीर मंदोला, पूर्व विधायक नृपेंद्र मांढी, पूर्व विधायक नरेश बादली आदि ने शोक जताया।


**भिवानी।** सतपाल सांगवान की पत्नी को सांत्वना देते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

# महिलाएं किसी क्षेत्र में पीछे नहीं

- हर क्षेत्र में महिलाओं ने छोड़ी है अपनी छाप : सरुचि अटरेजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान।

यह बात जिला न्यायालय के बार सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि तौर पर कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरूचि अटरेजा व मुख्य वक्ता डिप्टी सी.एम.ओ. सुमन विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से कही जबकि कार्यक्रम का शुभारंभ बार एसोसिएशन प्रधान संदीप तंवर, सचिव विनोद भारद्वाज, एडिशनल जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरूचि अटरेजा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना कर किया। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन अधिवक्ता मुकेश चौहान ने किया। महिला अधिवक्ताओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं हैं चाहे वो खेल का मैदान हो या फिर सेना या पुलिस में जाने का वो सदैव आगे रहती हैं। हमें अपने बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा व खेल की तरफ बढ़ाने की जरूरत है।


**भिवानी।** जिला न्यायालय के बार सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिलाओं को सम्मानित किया



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश देस राज चालिया, सीजेएम पवन कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य संतोष भाकर के निर्देशन में आयोजित हुआ जिसमें लीगल लिट्रेसी क्लब कोऑर्डिनेटर राजेन्द्र कुमार, एवं हरदीप सिंह ने अहम भूमिका अदा की। कार्यक्रम में 30 के करीबन महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश देस राज चालिया ने उपस्थित जनों को बताया कि पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को भी बराबरी का हक है। यदि समाज में कहीं महिलाओं के हनन की बात सामने आती है तो न्यायालय में कार्यवाही का प्रावधान है। वहीं उन्होंने बताया कि महिला का भी हक बनता है कि विवाह पश्चात वह अपने मायके की भांति ससुराल में जाकर उस घर को महत्व दे।

---

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सीबीएलयू के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में सम्पन्न अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा उत्सव में जबरदस्त सफलता हासिल की। विश्वविद्यालय की टीम के साथ गई डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ. सोनल शेखावत ने बताया कि चौधरी बंसीलाल विश्विद्यालय ने स्किट, फोटोग्राफी और एलोकेशन में प्रतिभागिता कर तीनों ही विधाओं में पुरस्कार प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने फोटोग्राफी में द्वितीय, स्किट में तृतीय और एलोकेशन में पंचम स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। डॉ. सोनल ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलपति के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय ने हिसार की ओम स्टरलिंग यूनिवर्सिटी में आयोजित नार्थ वेस्ट जोन अन्तर विश्वविद्यालय समारोह में विधाओं में पुरस्कार हासिल कर राष्ट्रीय युवा उत्सव में भागेदारी करने की पात्रता हासिल की।

**धरना** | रिश्ते में ताऊ सब इंस्पेक्टर ने अपनी ही भतीजी से दुष्कर्म करने का मामला

# पीड़ित छात्रा को न्याय दिलवाने को लेकर जन न्याय मोर्चा ने दिया धरना

जनसंगठनों से दिया समर्थन, राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग को ई-मेल से भेजी शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

रिश्ते में ताऊ सब इंस्पेक्टर द्वारा अपनी ही भतीजी स्कूली छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा हैं। पीड़ित छात्रा को न्याय दिलवाने को लेकर जन न्याय मोर्चा का लघु सचिवालय परिसर के बाहर धरना लगातार जारी हैं। इसके साथ ही जनसंगठनों ने पीड़ित छात्रा को न्याय दिवालने को दिए जा रहे धरने को समर्थन दिया हैं।



**भिवानी।** लघु सचिवालय परिसर के बाहर धरने के दौरान नारेबाजी करते जन न्याय मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

वहीं अति संवेदनशील होने के कारण मामला राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय महिला आयोग के पास पहुंच गया हैं। लघु सचिवालय परिसर के बाहर आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना लगातार पांचवें दिन भी जारी हैं। वहीं पीड़ित छात्रा के सगे चाचा पर आरोपी पक्ष की तरफ से कथित तौर पर दर्ज किए झूठे मुकदमें को रद करने की भी मांग की जा रही हैं। धरने को किसान नेता जगबीर घसोला व पूर्व सैनिक संघ के नेता सुबेदार मेजर वीरेन्द्र ग्रेवाल ने अपना समर्थन दिया है।

वहीं पिछड़ा वर्ग नेता राजेंद्र तंवर के नेतृत्व में जन न्याय मोर्चे का प्रतिनिधि मण्डल पुनः पुलिस अधीक्षक से मिला और मामले की जांच पड़ताल में पीड़ित पक्ष पर किसी प्रकार का अनावश्यक दबाव नहीं बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने सही तरीके से निष्पक्ष ढंग से शीघ्र जांच कार्यवाही करके आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। जन न्याय मोर्चा की तरफ से पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए राज्य के गृह मन्त्री, डीजीपी, राज्य महिला आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग व मानवाधिकार आयोग के पास भी ई-मेल के माध्यम से शिकायतें भेजी हैं।